हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

15 हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव की तैयारी शुरू



20 सर्वोदय स्कूल में छात्र संघ ने ली शपथ, हरेली तिहार...



खबर संक्षेप

देवपुर में निषाद समाज की बैठक 16 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की कार्यकारिणी बैठक 16 अगस्त को सुबह 11 बजे श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक भवन देवपुर में रखी गई है। यह जानकारी पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद ने दी है।

यादव समाज के पदाधिकारी 16 को लेंगे शपथ

धमतरी। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 16 अगस्त को दोपहर 1 बजे आमातालाब स्थित सर्वयादव सामाजिक भवन में होगा। मुख्य अतिथि माधव कुंवर सिंह यादव कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रायपुर होंगे। अध्यक्षता जिला धमतरी यादव समाज के अध्यक्ष जोहनसिंह यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि एल्डरमैन भागवतराम यादव एवं रितिका यादव होंगी।

प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसिलिंग 16 से

धमतरी। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसिलिंग 16 से 20 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर द्वितीय काउंसिलिंग हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसिलिंग तिथि प्रदर्शित की गई है।

देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर, दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

स्वतंत्रता की अलख जगाने युवाओं ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी चौक से सुबह 8.30 बजे प्रारंभ हुई स्वतंत्रता दौड़ को महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वतंत्रता दौड़ गांधी चौक से प्रारंभ होकर गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकीज रोड, शिव चौक और सेंचुरी गार्डन होते हुए पुनः गांधी चौक पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारों और उत्साह से वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का दिन है।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि आजादी हमें लंबे संघर्ष और असंख्य वीर सपूतों के बलिदान के बाद मिली है। स्वतंत्रता के मूल्यों की रक्षा करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ जैसे आयोजन नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और उनमें राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है।

एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। मौके पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव साहू, निगम सभापति एवं पार्षदगण, अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी, एडिशनल एसपी डीसी पटेल, डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, जिला युवा अधिकारी श्रुति डोंगरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, युवा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





टीबी हारेगा, देश जीतेगा का दिया संदेश

स्वतंत्रता दौड़ के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रतिभागियों और नागरिकों को टीबी हारेगा, देश जीतेगा का संदेश देते हुए टीबी की रोकथाम, लक्षणों की समय पर पहचान, जांच और पूर्ण उपचार के प्रति जागरूक किया गया।

बच्चों ने दिखाया उत्साह

बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बालक वर्ग में हेमंत यादव ने प्रथम, राहुल वर्मा ने द्वितीय तथा डोमन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में संतोषी उसेंडी प्रथम, मंजू साहू द्वितीय तथा तनिषा ध्रुव तृतीय रहीं।

मकेश्वर वार्ड में कल से शिव महापुराण कथा

धमतरी। सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिवार एवं वार्डवासियों के सहयोग से मकेश्वर वार्ड में शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 22 अगस्त तक किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक मनोज दुबे सोरिद नगर धमतरी होंगे।

16 अगस्त को जल कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं शिवपुराण महात्म्य, 17 अगस्त को शिव प्राकट्य, आदि शिवलिंग उत्पत्ति एवं शिवपुराण विधि का प्रसंग होगा। 18 को नारद मोह, सृष्टि वर्णन एवं कुबेर का पूर्व चरित्र, 19 अगस्त को सांख्य देवी की कथा, सती चरित्र, पार्वती जन्म एवं जन्मोत्सव का वर्णन किया जाएगा। 20 को गंगावतरण एवं शिव पार्वती विवाह, 21 को कार्तिक-गणेश प्राकट्य, तुलसी महिमा, जलेशर वध, वाणासुर पर कृपा और भगवान शिव के विभिन्न अवतारों के प्रसंग होंगे। 22 को गीता यज्ञ, हवन, पूर्णाहुति, महाप्रसादी का आयोजन होगा।

भगवान नेमिनाथ की प्रतिमा भानुप्रतापपुर जैन मंदिर की निकली

- गंगरेल बांध के किनारे मिली थी यह प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध में मिली भगवान नेमिनाथ की मूर्ति के रहस्य से पर्दा हट गया है। यह मूर्ति भानुप्रतापपुर स्थित जैन मंदिर की है। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि गंगरेल बांध के अथाह पानी में विसर्जित प्रतिमा गंगरेल बांध के किनारे तक पहुंच गई।

भगवान नेमिनाथ की मूर्ति



गंगरेल बांध में मिलने की खबर मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित हुई। यह खबर भानुप्रतापपुर में भी पहुंची। यहां के जैन समाज के लोग बोटिंग वालों से संपर्क कर उसकी जानकारी दी। बोटिंग संचालक सतवंत महिलांगे ने बताया कि यह मूर्ति विसर्जन के लिए लाया गया था जिसकी वीडियो रिकार्डिंग भी हुई थी।

मूर्ति को किया गया था विसर्जन

भानुप्रतापपुर निवासी सुभाषचंद पारख ने बताया है कि भगवान नेमिनाथ की मूर्ति भानुप्रतापपुर स्थित जैन मंदिर की है। मूर्ति खंडित होने पर 6 माह पहले गंगरेल बांध में विसर्जन किया गया था। वे शादी कार्यक्रम में धमतरी आये थे। बोट में गंगरेल बांध के बीच जाकर विसर्जित किया। बांध किनारे इस मूर्ति की मिलने की जानकारी सोशल मीडिया से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि इसे रायपुर से लाकर जैन मंदिर में स्थापित किया गया था। खंडित होने पर पूजा पाठ कर मंदिर से हटाया गया।

लोग मान रहे हैं चमत्कार

भगवान नेमिनाथ की मूर्ति को गंगरेल बांध में करीब तीन किमी दूर विसर्जन किया गया था। वह मूर्ति बांध के किनारे आ गई। 6 माह पहले विसर्जित मूर्ति तीन माह पहले बोटिंग वालों को बांध के किनारे मिली थी। तीन माह तक बोटिंग संचालक ने इसे अपने पास रखा था। इसे लोग भगवान का चमत्कार मान रहे हैं। श्वेताम्बर जैन मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष विजय गोलछा ने बताया कि भानुप्रतापपुर जैन समाज से संपर्क किया जाएगा। यदि मूर्ति को वे वापस लेना चाहेंगे तो उन्हें दिया जाएगा या फिर इसे पालीताना गुजरात या मंडोला राजस्थान में ले जाकर सुपुर्द करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस पर नंदकुमार ने लिया अंगदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम जालमपुर निवासी नंदकुमार पटेल ने अंगदान की घोषणा कर मानवता और सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया। उनके इस निर्णय से मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा में सहायता मिलेगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के दिशा-निर्देश पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा लगातार अंगदान, नेत्रदान एवं रक्तदान को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल से प्रेरित होकर लोग आगे आकर मानवता की सेवा में योगदान दे रहे हैं।





खबर संक्षेप



सांकरा में निकली तिरंगा यात्रा, ग्रामीणों में उत्साह

सांकरा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सांकरा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने सरपंच, पंचगण, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर नंदी चौक तक निकाली गई। पंचायत प्रतिनिधि सरपंच नागेंद्र बोरझा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है। हर नागरिक को देश की एकता और अखंडता के लिए काम करना चाहिए। तिरंगे का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। ग्रामीणों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर भी तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया।

करगा स्कूल में छात्रों की सेहत जांची गई

जीजामगांव। शाउमावि करगा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीकाकरण भी हुआ। टिटनेस का इंजेक्शन लगाकर स्वास्थ्यगत जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य बीएम यदु एवं डॉक्टरों ने छात्रों को संबोधित कर व्यक्तिगत स्वच्छता पर जोर दिया।

निधन

धर्मिन बाई

धमतरी। ग्राम कंवर निवासी धर्मिन बाई 80 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया। वे कुंजलाल व जीवन की मां एवं छगन, रोहित, राज, शेष, देवराम की बड़ी मां तथा संजय, शेखर, मुकेश, सुरेश की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्वजन शामिल हुए।



पुनीत राम

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा निवासी पुनीत राम सोनवानी 96 वर्ष का निधन 13 अगस्त गुरूवार को हो गया। वे राजगोपाल सोनवानी, उदयराम सोनवानी एवं हेमलाल सोनवानी के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



सात सप्ताह तक चलेगा प्रदेशव्यापी अभियान, 2 अक्टूबर को होगा समापन

साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस का साइबर जागृति अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ को साइबर क्राइम मुक्त बनाने के संकल्प के साथ छग पुलिस द्वारा देश के सबसे अनोखे, इनोवेटिव और ट्रेंडी सोशल मीडिया अभियानों में से एक साइबर जागृति अभियान की शुरूआत की गई है।

जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी भावना पाण्डेय ने बताया कि साइबर क्राइम के विरूद्ध निरंत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस का साइबर जागृति अभियान देश का सबसे अनोखे, इनोवेटिव और ट्रेंडी अभियानों में से एक है। इस अभियान की मुख्य थीम साइबर जागृति की एक सेल्फी है। बड़ी संख्या में प्रदेशवासी, छग पुलिस और संबंधित जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैण्डलस में जारी लिंक को क्लिक कर, क्यूआर कोड को स्कैन कर, जागरूकता के संदेशवाली सेल्फी फ्रेम में अपनी सेल्फी लेकर उसे सेल्फी को स्वयं के सोशल मीडिया हैण्डल्स में पोस्ट करेंगे। प्रदेश भर के लाखों लोग छग पुलिस की जागरूकता संदेश वाली सेल्फी फ्रेम को सोशल मीडिया में शेयर करेंगे तो साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता का संदेश उनके फालोअर्स ओर फ्रेण्ड्स तक पहुंचेगा जिससे अधिक से अधिक लोग साइबर क्राइम के प्रति जागृत होंगे।

इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी से साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूकता का संदेश पहुंचाना है। सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश सरल और प्रभावी ढंग से अधिक से अधिक लोगों तक तेजी से पहुंच सकेगा। एसपी ने आमजनों से अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि साइबर जागृति अभियान के लिए जागरूकता की एक सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया में शेयर कर साइबर अपराध को रोकने जिला पुलिस का सहयोग करे। इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर, डीसी पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने की पत्रकारों से चर्चा



सात सप्ताह का व्यापक कार्यक्रम

साइबर जागृति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने जिला पुलिस ने जिले में सात सप्ताह तक चलने वाले अभियान को एक व्यापक स्वरूप दिया है। पहले सप्ताह डिजिटल सर्तकता व बुनियादी सुरक्षा के लिये स्कूल-कालेजों में अभियान, दूसरे सप्ताह में वित्तीय धोखाधड़ी और यूपीआई सुरक्षा पर बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में अभियान, तीसरे सप्ताह डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल के विषय पर वरिष्ठ नागरिकों के संग टाउन हॉल का आयोजन, चौथे सप्ताह स्मार्ट फोन प्राइवेसी व सेफ ब्राउजिंग पर अभियान, पांचवां सप्ताह जॉब फ्राड और फिशिंग को लेकर युवाओं को जागरूक करना, छठवां सप्ताह डेटा प्राइवेसी व सोशल मीडिया एवं सातवां सप्ताह गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों, निकायों में साइबर मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया जायेगा। साइबर जागृति अभियान का समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन होगा।

क्यूआर कोड प्रसारित किया जायेगा

जिला पुलिस टीम का स्थानीय थानों द्वारा सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, गली और बाजारों में पोस्टर-बैनर के माध्यम से क्यूआर कोड को प्रसारित किया जायेगा। इसके साथ ही राज्य पुलिस व जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैण्डल्स के माध्यम से एवं व्हाटसअप ग्रुप में लिंक को शेयर कर अधिक से अधिक लोगों को सेल्फी लेने एवं सोशल मीडिया में शेयर करने प्रोत्साहित किया जायेगा।

अवैध शराब के खिलाफ भखारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस की टीमों ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैधस शराब जब्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भखारा पुलिस की टीम ने ग्राम कोपेडीह निवासी शकुनबाई खुंटे पिता श्याम उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 1000 रुपए जब्त की। इसी तरह पुलिस ने सोनउराम देशलहरे पिता सखाराम उम्र 52 वर्ष ग्रामकोपेडीह निवासी से 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। वहीं ईश्वरी बाई बांधे पति कल्याण सिंह उम्र 50 वर्ष ग्राम कोपेडीह निवासी के कब्जे से कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब व देवचंद बंजारे पिता नम्मूराम 25 वर्ष से 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इसी तरह पुलिस ने ग्राम जोरातराई में दबिश देकर यनीष कुमार साहू पिता तीरथराम उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 15 पौवा प्लेन शराब कीमत 1200 रुपए बरामद की है। पुलिस ने चार आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर अवैध महुआ शराब , पांचवें आरोपी से 15 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमत 7 हजार 200 रुपए व बिक्री रकम 440 रूपए जब्त की है। पुलिस ने पांचों आरोपियों के तहत आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस टीम ने एकसाथ की छापेमारी

भखारा पुलिस द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए अलग-अलग टीम का गठन कर ग्राम कोपेडीह में एकसाथ छापेमारी की गई। इस दौरान हाथ भट्ठी से निर्मित अवैध महुआ शराब एवं बिक्री के लिए रखी गई देशी शराब को जब्त कर पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रेणुका को आज महामहिम राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम नवागांव कचना की रेणुका गोस्वामी पिता शत्रुघ्नपुरी गोस्वामी को 15 अगस्त को महामहिम राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जायेगा। आमंत्रण पत्र उनके गृह ग्राम नवागांव में जाकर डाकघर के अधिकारी परमेश्वर साहू, उपसंभागीय निरीक्षक डाक धमतरी द्वारा पहुंचाया गया। पोस्टमेन चंद्रशेखर घोघरे मुख्य डाकघर रायपुर द्वारा रेणुका गोस्वामी को सौंपा गया। इस अवसर पर डाकघर के कर्मचारी सुरेशकुमार यदु, युगलकिशोर साहू एवं शाखा डाकघर कचना के कर्मचारी मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस पर मांस-मटन की दुकानें रहेंगी बंद

धमतरी। आज 15 अगस्त को धमतरी परिक्षेत्र में स्थित सभी पशुवधगृह एवं मांस-मटन बिक्री की दुकानें बंद रहेंगी। नगर पालिक निगम धमतरी के स्वास्थ्य विभाग ने छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के आदेश के अनुपालन में यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार शनिवार 15 अगस्त को किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

तीन थाना क्षेत्र से 17 जुआरी पकड़े गए, 5.71 लाख की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुरूद, मगरलोड और सिहावा थाना क्षेत्र में एक साथ दबिश देकर 17 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,00,100 रुपये नकद, 5 मोटरसाइकिल, 7 मोबाइल फोन और ताशपत्ती जब्त की है। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 5.71 लाख रुपये है।

सबसे बड़ी कार्रवाई थाना कुरूद क्षेत्र में हुई। मुखबिर की सूचना पर रामसागर तालाब के पास दबिश देकर पुलिस ने प्रीतम चंद्राकर (35),निवासी बजरंग चौक कुरूद, दीनू बैस (25) निवासी कुरूद, रवेंद्र कुमार सारथी (40) निवासी इंदिरा नगर कुरूद, भावेश कुमार साहू (23) निवासी उमरदा, प्रकाश साहू (46) निवासी गांधी चौक कुरूद, देवाशीष माणिकपुरी (26) निवासी गांधी चौक कुरूद तथा





खिलेन्द्र साहू (28) निवासी कलारपारा कुरूद को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 93,200 रुपये नकद, पांच मोटरसाइकिल, सात मोबाइल और ताश की गड्डी बरामद हुई। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) में मामला दर्ज किया गया।

मगरलोड पुलिस ने ग्राम मोहंदी अटल चौक के पास जुआ खेल रहे अलाउद्दीन खान, हरिचंद खुंटे, कुलदीप रात्रे एवं नरेश निषाद को गिरफ्तार कर 3,200 रुपये नकद और ताशपत्ती जब्त की। सिहावा पुलिस ने ग्राम भेजरीरावन में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेल रहे सुलेश्वर नेताम, मनीष सिन्हा, राजेंद्र साहू, खिलेश्वर साहू, भोला देवांगन एवं त्रिलोक नेताम को गिरफ्तार कर 3,700 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद की। दोनों मामलों में भी छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने कहा कि जिले में जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

डॉ. रमनसिंह से मिले खूबलाल क्षेत्र के विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनसेवक खूबलाल ध्रुव ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने धमतरी जिले और अपने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

श्री ध्रुव ने कहा कि गंगरेल बांध सहित छत्तीसगढ़ में पर्यटन और अधोसंरचना के विकास के लिए डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में किए गए प्रयास आज भी दिखाई देते हैं। उनके 15 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में अनेक विकास कार्यों, इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन सुविधाओं को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि डॉ. रमनसिंह से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करना उनके लिए सुखद और गौरव का क्षण रहा। इस दौरान धमतरी जिले के विकास और पर्यटन की संभावनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।



उमरगांव की धरती ने अंग्रेजों को दी थी चुनौती जंगल सत्याग्रह में गूंजी थी आजादी की हुंकार

गोपी कश्यप ⏭नगरी

वन कानून के खिलाफ आवाज बुलंद की, कारावास जैसी सजा के बावजूद हौसला नहीं टूटा

सिहावा क्षेत्र का उमरगांव आज भी स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा को अपने भीतर समेटा हुआ है। इसी धरती पर ग्रामीणों ने अंग्रेजी हुकूमत के अन्यायपूर्ण वन कानून के खिलाफ आवाज बुलंद की और जंगल सत्याग्रह के माध्यम से आजादी के आंदोलन में अपना योगदान दिया। भारत छोड़ो आंदोलन, झंडा सत्याग्रह और जंगल सत्याग्रह में क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी इस गांव की देशभक्ति और संघर्ष की मिसाल रही है। लेकिन विडंबना यह है कि शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की इस धरती को आज भी गौरव ग्राम का दर्जा मिलने का इंतजार है।

अंग्रेजी शासन के दौरान नगरी-सिहावा क्षेत्र के जंगलों को आरक्षित घोषित कर ग्रामीणों के पारंपरिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जंगल में प्रवेश, लकड़ी और घास लेने तथा मवेशियों को चराने पर रोक लगा दी गई थी। वन विभाग द्वारा कम मजदूरी में अधिक काम कराने और शोषण से ग्रामीणों में असंतोष लगातार बढ़ रहा था। जंगल पर निर्भर आदिवासी और ग्रामीण समाज के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था।

इसी अन्याय के खिलाफ उमरगांव के वीर सपूत पंचमसिंह शेष, श्यामलाल सोम, हरकराम सोम और बिसंबर सिंह पटेल, जगतराम शेष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया। आंदोलनकारियों ने तय किया कि अंग्रेजी शासन के अन्यायपूर्ण वन कानून का अहिंसक तरीके से विरोध किया जाएगा और जंगल में प्रवेश कर गिरफ्तारी दी जाएगी।

ऐतिहासिक विवरणों के अनुसार 21 जनवरी 1922 को ग्रामीण जंगल पहुंचे और अंग्रेजी शासन की वन नीति का विरोध किया। अंग्रेज सरकार ने आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई सत्याग्रहियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बेंत, जुर्माने और कारावास जैसी सजाओं के बावजूद ग्रामीणों का हौसला नहीं टूटा।







जंगल के अधिकार से शुरू हुई लड़ाई बनी आजादी की लड़ाई

नगरी-सिहावा का जंगल सत्याग्रह केवल वन कानून के विरोध तक सीमित नहीं था। यह ग्रामीणों और आदिवासी समाज के पारंपरिक अधिकारों, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई थी। यही संघर्ष आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन की भावना को और मजबूत करने वाला साबित हुआ। उमरगांव के वीरों ने यह साबित किया कि आजादी की लड़ाई में गांवों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुकने के बजाय जेल और सजा स्वीकार की, लेकिन अपने अधिकारों और देश की स्वतंत्रता की आवाज को दबने नहीं दिया।

आज भी गौरव ग्राम के दर्जे की आस

शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए उमरगांव आज भी गौरव ग्राम के दर्जे की आस लगाए बैठा है। ग्रामीणों की अपेक्षा है कि शासन-प्रशासन इस ऐतिहासिक गांव के योगदान को उचित सम्मान देते हुए इसे गौरव ग्राम का दर्जा देने की दिशा में पहल करे, ताकि आजादी की लड़ाई में गांव के वीर सपूतों के योगदान को आधिकारिक पहचान मिल सके।

21 जनवरी को लखनपुरी के जंगल में उमड़ा था जनसैलाब

नगरी-सिहावा जंगल सत्याग्रह की एक महत्वपूर्ण घटना 21 जनवरी 1922 को सामने आई। सत्याग्रहियों का जत्था नारे लगाते हुए लखनपुरी के जंगल की ओर बढ़ा और सरकारी आरक्षित वन में प्रवेश कर अंग्रेजी वन कानून का विरोध किया। बताया जाता है कि सत्याग्रह का प्रमुख स्थल लखनपुरी गांव की सीमा से लगा सरकारी आरक्षित वन था, जो उमरगांव से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित था। स्थानीय स्तर पर इस स्थान को झंडा-भरी के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन में उमरगांव के पंचम सिंह शेष की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उमरगांव सहित आसपास के अनेक ग्रामीणों ने भी सत्याग्रह में भाग लिया। अंग्रेजी शासन ने आंदोलन को दबाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने जेल और सजा की परवाह किए बिना अपने अधिकारों और आजादी की आवाज बुलंद रखी।

आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश के लिए पुनः रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 से 18 अगस्त की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश के लिए निर्धारित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली-भांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी प्राप्त की जा सके।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय अजय कुमार शर्मा इंग्लिश में AJAY KUMAR SHARMA जन्मतिथि 04.06.1982 (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र बिसम्भर दयाल शर्मा इंग्लिश में BISAMBHAR DAYAL SHARMA निवासी हाउस नं. 104 स्टेशन पारा, औद्योगिक वार्ड, नं. 05 धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. 493773 में अपना नाम अजय कुमार शर्मा इंग्लिश में AJAY KUMAR SHARMA (पुराना नाम) से बदल कर अजय शर्मा इंग्लिश में AJAY SHARMA (नया नाम) रख लिया है।

दिनांक : 14/08/2026
स्थान : धमतरी

शपथकर्ता
अजय कुमार शर्मा
निवासी-हाउस नं. 104 स्टेशन पारा, औद्योगिक वार्ड, नं. 05 धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. 493773

// आमसूचना/ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी राजेन्द्र कुमार पिता नरेन्द्र कुमार बरौगी (वैष्णव) के नाम पर दर्ज ग्राम कोडापार तहसील कुरूद जिला धमतरी में कृषि भूमि ख.नं. 149/5 रकबा 0.17 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.17 हे. भूमि दर्ज है। जो कि अभनपुर से कुरूद मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी हुयी जिसे घरेलु व दीगर कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने से विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे/ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री किया जाना शेष है उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति शासकीय संस्था, या अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, निगम/वित्तीय निकाय या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में कोई दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 23/08/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक :- 14/08/2026

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा निवास :- अटल चौक भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे व्यवहारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा धमतरी के आवेदक श्री उदित वीर पासी पिता श्री रविन्दर नाथ पासी निवासी कांकेर, सिंगारभाट फॉरेस्ट के सामने जिला कांकेर (छ.ग.) को उनकी सम्पत्ति एक पक्का मकान स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी धमतरी ग्राम- श्यामतराई (दीनदयाल कॉलोनी) तह. व जिला धमतरी में है जिसका मकान नंबर LIG 60, रकबा 84.75 वर्गमीटर है जिसका पंजीकृत बैनामा दिनांक 19/06/2008 है। जिसमें आवेदक को बैंक द्वारा ऋण दिया जाना प्रस्तावित किया गया है। बैंक के आवेदक उदितवीर पासी ने उपरोक्त प्रापर्टी दिनांक 19/06/2008 को रजिस्ट्री लीज के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड से प्राप्त किया है। जिसका ग्रंथ सं. 7212 पेज नं. 26 से 40 दस्तावेज क्रमांक 800 रजिस्ट्री दिनांक 19.06.2008 है। उपरोक्त रजिस्ट्रर्ड लीजडीड दिनांक 14.06.2008 है। को पीछे का पन्ना कहीं गुम हो गया है।

अतः मेरे व्यवहारी बैंक के द्वारा असल लीज डीड दिनांक 19/6/2008 एवं उसकी प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि के आधार पर पीएलएपी लोन आवेदक को दिया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रापर्टी बंधक किये जाने पर किसी व्यक्ति, विशेष, या अन्य कोई संस्था, कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय के अथवा भारतीय स्टेट बैंक शाखा धमतरी में प्रस्तुत करें।

अन्यथा मेरे व्यवहारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा धमतरी के द्वारा उपरोक्त आवेदक की प्रापर्टी को बंधक रख कर ऋण प्रदान किया जावेगा। आपत्ति कर्त्ता को मेरे व्यवहारी के समक्ष बंधक सम्पत्ति बाबत किसी भी तरह का कोई अधिकार नहीं होगा। उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण सूचित हो।

भवदीय
(समर भूषण गुप्ता)
अधिवक्ता / नोटरी
साईं कुंज इतवारी बाजार धमतरी, जिला धमतरी छ.ग.

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

हरिभूमि परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की बधाई















आईटीआई, आर्मी प्रशिक्षण केंद्र, स्वास्थ्य संस्थान, औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने मगरलोड क्षेत्र में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखंड के प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों का मैदानी निरीक्षण किया।

मेघा से शुरू हुए दौरे में कुंडेल, करेलीबड़ी, भेंडरी और मगरलोड पहुंचकर उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेल, रोजगार एवं ग्रामीण आजीविका से जुड़े कार्यों की प्रगति और उपयोगिता की जानकारी ली।कलेक्टर ने भेंडरी में आईटीआई कॉलेज, रूरल पार्क, लाइब्रेरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद कुंडेल और भेंडरी के आर्मी प्रशिक्षण केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि युवाओं की तैयारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा लाइब्रेरी एवं शौचालय की सुविधा विकसित की गई है। इस वर्ष चार युवाओं का पैरा मिलिट्री में चयन हुआ है, जबकि अब तक 55 से अधिक युवा विभिन्न सैनिक केंद्रों में चयनित होकर सेवाएं दे चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर

करेलीबड़ी और मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में कलेक्टर ने मरीजों को मिल रही सुविधाओं, प्रसव की स्थिति, एंबुलेंस एवं एएनएम की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर उपचार और भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणाधीन ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अस्पताल को 30 बिस्तरीय सुविधा के अनुरूप विकस

सेना में भर्ती युवाओं से किया संवाद

प्रशिक्षण केंद्र से सेना में भर्ती हुए युवाओं संजय कुमार नेम और दीनदयाल कंवर से मुलाकात कर कलेक्टर ने उनकी पदस्थापना एवं सेवा संबंधी जानकारी भी ली। भेंडरी मिनी स्टेडियम में प्रशिक्षणरत युवाओं से चर्चा के दौरान ओपन जिम, लाइब्रेरी और हाईमास्ट लाइट की मांग सामने आई। कलेक्टर ने इन सुविधाओं के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने हायर सेकेंडरी स्कूल की मरम्मत और शिक्षकों की कमी की समस्या भी बताई।

कमजोर एवं कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजने कहा

कुंडेल के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित मापदंडों के अनुसार बच्चों को अध्यापन कराने तथा कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। कमजोर एवं कुपोषित बच्चों के अभिभावकों से चर्चा कर आवश्यकता के अनुसार उन्हें एनआरसी भेजने कहा।

संगठन की मजबूती के साथ बेलरगांव में गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



भाजपा बेलरगांव मंडल की मासिक बैठक बेलरगांव में हुई। बैठक में मंडल प्रभारी अकबर कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्ययोजना को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पार्टी की कार्ययोजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सैनिक उमेंद्र मरकाम लिखमा एवं शहीद परिवारों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इसके बाद बेलरगांव में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीतों एवं डीजे की धुन के बीच निकली इस यात्रा में ग्रामवासी, बच्चे एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ ग्रामवासियों ने यात्रा में भाग लिया।


तिरंगा यात्रा में डॉ.एसके नाग, मंडल महामंत्री मोनू साहू एवं दीपक साहू, जिपं सदस्य गरिमा नेताम, अमरसिंग पटेल, चन्द्रशेखर अडिल, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष लीलेश प्रजापति, उमेंद्र दीवान, लीलांबर साहू, भुवन दास, रतन कोर्राम, बीरेंद्र मिश्रा, शत्रुघन नागवंशी, मुकेश देव, मनीष भास्कर, तेज पटेल उपस्थित थे।

दंतेश्वरी हाईस्कूल में पहचान पत्र बांटे गए



धमतरी। मा दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में छात्र-छात्राओं को विशेष पहचान पत्र (आई कार्ड) वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि पहचान पत्र केवल एक प्लास्टिक कार्ड नहीं है, बल्कि यह विद्यालय में विद्यार्थी की आधिकारिक पहचान और अनुशासन का प्रतीक है। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होती है, बल्कि बच्चों में संस्था के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत होती है। शिक्षकों ने बच्चों को प्रतिदिन आई कार्ड पहनकर स्कूल आने की सलाह दी।

गोबर धन एवं सुरभि गौ-धाम योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : हेमराज



धमतरी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी गोबर धन योजना एवं राज्य सरकार की सुरभि गौ-धाम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, गो-धन के संरक्षण-संवर्धन तथा किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जैविक खेती, स्वच्छता और अक्षय ऊर्जा को भी नई गति मिलेगी।

यह बातें छग गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने कही। उन्होंने बताया कि गोबरधन योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाते हुए गोबर से बायोगैस एवं जैविक खाद का उत्पादन बढ़ाना है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार की सुरभि गौ धाम योजना बेसहारा एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण, देखभाल और संवर्धन के लिए प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में गो धन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पशुपालकों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। यदि कोई ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र में सुरभि गौ-धाम स्थापित करना चाहती है, तो संबंधित सरपंच ग्राम समिति से प्रस्ताव पारित कर गौ सेवा आयोग को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोग पात्र पंचायतों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा कॉलेज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
मिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, मिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
योन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
चलो फिर वो नजारा याद करे लें, शहीदों के दिल में थी जो ज्वाला
वो याद कर लें, जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पर
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें
लेखराम साहू
पूर्व विधायक कुरूद विधानसभा क्षेत्र
राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस (NITC) नई दिल्ली
हरनारायण साहू
जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष
गुरुचरण साहू
सिविल इंजीनियर
पंकज साहू
प्रदेश संयुक्त सचिव छग प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठा
घनश्याम साहू
पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष
विनीत : जिला किसान कांग्रेस धमतरी


श्रद्धेय
श्री भोपाल राव जी पवार
जिसका ताज हिमालय है
जहां बहती गंगा है, जहां अनेकता में एकता है
सत्यमेव जयते जहां नारा है
वो वतन भारत देश हमारा है
समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कविता बाबर
जिला पंचायत सदस्य धमतरी
अभिमन्यु बाबर
योगेश बाबर
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष धमतरी


मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री छग शासन
मा. टंकराम वर्मा जी
प्रभारी मंत्री धमतरी जिला
कलम रूकेगी नहीं, कलम झुकेगी नहीं।
सच को उठाएंगे, झूठ को गिराएंगे
धर्म को छोड़कर.. देश को बचाएंगे।
एकता बनाएंगे, अनेकता को मिटाएंगे
बाकी रंग छोड़कर तिरंगा हम फहराएंगे...
तिरंगा हम फहराएंगे
मा. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छग शासन
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
मा. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री
लोकनिर्माण, नगरीय प्रशासन छग शासन
मा. अजय चंद्राकर
विधायक कुरुद
मा. ओंकार साहू
विधायक धमतरी
मा. अंबिका मरकाम
विधायक सिहावा
- विनीत -
समस्त कांट्रेक्टर लोक निर्माण विभाग
जिला-धमतरी


जय हिन्द
जय भारत
"फांसी चढ़ गए और सीने पर खाई गोली
हम उन शहीदों को प्रमाण करते हैं
जो मिट गए देश पर
हम उनको नमन करते हैं"
समस्त देशवासियों को भारतीय लोकतंत्र के
महापर्व स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
मंगलकामनाएं
वंदे मातरम्
मा. अजय चंद्राकर
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
एवं विधायक कुरूद
दीपक गांधी
पूर्व पार्षद नगर पंचायत कुरूद
विनीत - कृष्णा फर्टिलाइजर्स, बायपास रोड, कुरूद


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. अजय चंद्राकर
पूर्व कैबिनेट मंत्री
एवं विधायक कुरुद
लेखराज चंद्राकर
शिखा स्टेशनरी एवं
फोटो कॉपी कुरुद
मो. 9425568543
विकास चंद्राकर
लालजी सैतु राम
कपड़ा दुकान कुरुद
मो. 9424237721
अय्यूब खान
आयकर एवं जीएसटी
सलाहकार कुरुद
मो. 9425504762
अनूप यादव
अनूप आर्ट एंड
पब्लिसिटी कुरुद
मो. 9907611149
सूरज देवांगन
भूषण बर्तन दुकान,
कुरुद
मो. 7999593314
योगेश जैन
रजत गारमेंन्ट्स
थाना चौक कुरुद
मो. 9131354068
वीरेंद्र साहू (वीनू)
लक्ष्मी मेडिकल
स्टोर्स कुरुद
मो. 9669984000
बादल चंद्राकर
श्री राम तंबाकू
भंडार कुरुद
मो. 9617166662
"ना पूछो जमाने को क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो बस इतनी है कि
हम भारत के हैं, और
हमें अपनी आज़ादी पर नाज़ है।"
जय हिन्द!
वंदे मातरम्


देशभक्ति, एकता और अखंडता एवं आजादी के पावन पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..!
अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में बॉक्स क्रिकेट एवं केनाल रोड कुरूद में अध्यक्ष निधि से
भारत माता चौक में सौंदर्यीकरण कार्य, विद्युतीयकरण कार्य, चबुतरा निर्माण एवं भारत माता
की आदमकद प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के
मुख्य अतिथि - मान. अजय चन्द्राकर जी
पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरूद
अध्यक्षता - मान. ज्योति भानु चन्द्राकर जी
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरूद
पूर्व अध्यक्षगण न.पं., उपाध्यक्ष न.पा., नेता प्रतिपक्ष न.पा., वार्ड पार्षद, भाजपा पदाधिकारीगण,
समस्त पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिकों के
के गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न होने जा रहा है...
ध्वजारोहण एवं मुख्य समारोहः
मंगल भवन नगर पालिका परिसर कुरूद
समय- 09:30 बजे
अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में बाक्स किकेट लोकार्पण एवं
प्रतिमा अनावरण भारत माता चौक केनाल रोड के पास कुरूद,
समय – 12:30 बजे से
भाजपा पार्षदगण एवं एल्डरमेन :
वार्ड 4
वार्ड 5
वार्ड 6
एल्डरमेन
एल्डरमेन
वार्ड 8
वार्ड 9
वार्ड 11
एल्डरमेन
एल्डरमेन
ज्योति भानु चन्द्राकर
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरुद
भानु चन्द्राकर
एल्डरमेन एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिका परिषद कुरुद
इस गरिमामयी कार्यक्रम में आप समस्त नागरिकगण
सपरिवार सादर आमंत्रित है.. वन्दे मातरम्..!
विनीत: भारतीय जनता महिला मोर्चा कुरुद के समस्त कार्यकर्तागण

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव की तैयारी शुरू

- सांस्कृतिक समागम, पालकी यात्रा, जसगीत झांकी, भोजन भंडारा सहित विविध कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के हटकेशर वार्ड में स्थित प्राचीन नाग मंदिर में प्रकृति पूजा और जैव विविधता का पर्व नागपंचमी महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को नागदेव मंदिर समिति की बैठक हुई जिसमें हाटकेश्वर नागपंचमी की व्यापक रूपरेखा बनाई गई। दो दिवसीय इस आयोजन में नागदेव की पालकी यात्रा, कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान, भोजन भंडारा प्रसादी वितरण तथा जसगीत झांकी का कार्यक्रम रखा गया है।

धमतरी शहर के हटकेशर वार्ड में आज भी पुरातन सभ्यता के कई अवशेष मौजूद हैं। नाग मंदिर में नाग देवता की हजारों साल पुरानी चतुर्भुजी प्रतिमा सहित आसपास सती स्तंभ, साक्षी गोपाल के अनेक शिलाशिल्प बिखरे हैं जो यहां की प्राचीन सभ्यता के गवाह हैं। पुरातत्व के जानकार बताते हैं कि किसी जमाने में हटकेशर के रास्ते महानदी का प्रवाह होता था। जहां नदी का प्रवाह होता था, वह बेल्ट रेतीला है। यहां मौजूद शिलाओं में सूरज, चांद, चूड़ी पहने हाथ, महल, राजा-रानी की आकृति वाला शिल्प पत्थर सती स्तंभ के प्रमाण हैं। किसी के सती होने पर इस तरह के स्मारक बनाये जाते थे।

बैठक में नागपंचमी आयोजन समिति के जसवंत पटेल, धनीराम पटेल, सोमन देवांगन, नीरा नेताम, नंदनी गुप्ता, जमुना नेताम, नीरा मंडावी, अनीता नेताम, अन्नपूर्णा देवांगन, रानी देवांगन, लीलावती पटेल, कुंती देवांगन, देवश्री देवांगन, काव्या निषाद, लीलावती पटेल, प्रीति साहू आदि मौजूद थे।

पालकी यात्रा में आंगा देव होंगे आकर्षण का केंद्र

नागदेव मंदिर समिति के अध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, गैंदूराम साहू ने बताया कि दो दिवसीय नागपंचमी महोत्सव रखा गया है। 16 अगस्त रविवार को भगवान नाग देवता की पालकी यात्रा निकाली जायेगी जिसकी अगुवाई आंगा देवता तथा डांग डोली के माध्यम से होगी। यह यात्रा नागदेव मंदिर से देवांगन चौक, शीतला माता मंदिर, तूफान चौक, गौरी-गौरा चौक, मरकाम पारा होते हुए बाजार चौक बरपारा से वापस नागदेव मंदिर पहुंचेगी। इस मौके पर वार्ड के सभी समाज के लोग शामिल होंगे।

काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान

समिति के अशोक पटेल, प्रशांत मीनपाल, जगतराम साहू ने बताया कि हटकेशर स्थित नाग देवता का ऐतिहासिक मंदिर प्रदेश का दुर्लभ और इकलौता मंदिर है। पाताल लोक के प्रमुख महादेव हाटकेश्वर के नाम से बसा इस गांव का नाम सरलीकरण होते हुए हटकेशर हो गया है। हर साल नाग पंचमी के अवसर पर नागदेव मंदिर में कालसर्प दोष निवारण का सामूहिक अनुष्ठान किया जाता है। इस अनुष्ठान को विधि-विधान से संपन्न कराने नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग से विद्वान पंडितों को बुलाया जाता है। 17 अगस्त को सोमवती नागपंचमी पर सुबह 9 बजे अनुष्ठान प्रारंभ होगा।

जसगीत झांकी, भोजन प्रसादी

आयोजन समिति की संगीता देवांगन, दिव्या निषाद, गिरिजा देवांगन, उर्मिला साहू बताती हैं कि नागपंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। सुबह 4 बजे से देर रात तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रहती है। सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चना-पूड़ी का वितरण, 12 बजे से देर शाम तक भोजन भंडारा चलेगा। दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक ग्राम हंकारा की जसगीत झांकी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे।

मंगल भवन में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



- भारतमाता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण व बॉक्स क्रिकेट का होगा लोकार्पण

नगर पालिका परिषद कुरूद में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि लगातार हो रही बारिश के कारण खेल मैदान गीला होने से इस वर्ष मुख्य समारोह मंगल भवन नगरपालिका परिसर में आयोजित किया जाएगा। साथ ही भारत माता चौक में आदमकद भारत माता प्रतिमा के अनावरण, सौंदर्यीकरण कार्य तथा अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में बॉक्स क्रिकेट सुविधा का लोकार्पण भी 15 अगस्त को होगा।

बैठक में तय किया गया कि परंपरा के अनुसार नगरपालिका भवन में अध्यक्ष चन्द्राकर ध्वजारोहण करेंगी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के लगभग 20 स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। समय की कमी और आमंत्रण पत्र वितरण में होने वाली कठिनाई को देखते हुए वरिष्ठ पार्षद भानु चन्द्राकर के सुझाव पर इस बार ई-आमंत्रण पत्र के माध्यम से नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

15 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे केनाल रोड स्थित भारत माता चौक में अध्यक्ष निधि से कराए गए विशेष सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण तथा विशाल भारत माता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए तैयार बॉक्स क्रिकेट सुविधा का भी लोकार्पण होगा। समारोह में विधायक अजय चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मंजू साहू, नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहू, त्रिलोकचंद जैन, कृष्णकांत साहू, भोजराज चन्द्राकर, अनिल चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल सहित सभी पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष साहू, एल्डरमेन भानु चन्द्राकर, सभापति सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षद कविता चन्द्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, एल्डरमेन नंदू चन्द्राकर, खिलावन यादव, खिलेश्वर देवांगन, महावीर साहू समेत नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी तथा नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



समस्त क्षेत्र एवं जिलावासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



अत्याधुनिक लेजर से
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, साइलस, वार्ट, पोलीप तथा नवजात की अन्य समस्त तकलीफों का त्वरित एवं स्थाई समाधान।

आज ही संम्पर्क करें-
पैकेज 15000/- से प्रारंभ

लेजर के फायदे -
बिना चीरा, बिना टांका, बिना एकमरेशय, न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, सूजन, खूनस्ताव, पुर्णतः सुरक्षित, शीघ्र रिकवरी, कॉस्मेटिक परिणाम आसान, सुरक्षित, किफायती, दोबारा होने का डर नहीं।



एसएमसी हॉस्पिटल
डॉ. प्रदीप साहू
M.B.B.S, M.D. M.C.H. (Surgeon)
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397, 930898331

प्रदीप हॉस्पिटल
डॉ. प्रीति साहू
M.B.B.S, D.G.O. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
बाईपास रोड, कुरूद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633

जनरल सर्जरी | शिशु रोग | स्त्री रोग | हड्डी रोग

सुविधाएं

- नवीनतम सुविधा - 4 डी सोनोग्राफी और डिजिटल एक्स-रे, 60 साल से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए परामर्श, सोनोग्राफी एवं एक्स-रे सुविधा गुक्त
- इसके अलावा एक्स-रे, ईसीजी, सोनोग्राफी, आधुनिक पैथोलॉजी लैब, कोलोप्टोस्कोपी, हिस्टेटोस्कोपी, मेडिकल एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है।



आयुष्मान कार्ड से मरीजों का ईलाज उपलब्ध है

महिला मरीजों के लिए महिला सर्जन की व्यवस्था
अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी -
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पाइलोनाइडल, वैरिकोस का इलाज।
डिजिटल से संचालित, बिना चीरा लेजर मशीन -
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टांका नहीं, पड़ी नहीं।
त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण -
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित
(पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है ।)

- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्रीरोग - बच्चेदानी की गांठ, सूजन, एवं बांझपन, प्रदूति डिलीवरी, सिजेरियन, सेकशन
- शिशु रोग - छोटे बच्चे की सर्जरी एवं इलाज
- युरोलॉजी - प्रोस्टेट पथरी, सिकुड़न, नपुंसकता
- हड्डी रोग - फ्रैक्चर, चोट, पाव

नेशनल हाइवे 30, रायपुर रोड, कुरूद, धमतरी छ.ग. 9981107366


मान. अजय चंद्राकर जी
पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
एवं विधायक कुरूद विधानसभा
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत धमतरी
डॉ. लोकेश साहू
अध्यक्ष
भाजपा सिरीं, मंडल
पुष्पेंद्र साहू
प्रभारी भाजपा सिरीं मंडल
जीवन लाल साहू
सहप्रभारी भाजपा सिरीं मंडल
थानेश्वर तारक (अधिवक्ता)
महामंत्री
भाजपा सिरीं मंडल
देवेन्द्र साहू
जिला महामंत्री
किसान मोर्चा (धमतरी)
योगेश साहू
अपिव मोर्चा मंडल अध्यक्ष
सागर साहू
विशेष आमंत्रित सदस्य
भाजयुमो सिरीं मंडल
दाऊ टकेश्वर चंद्राकर
ग्राम सिवनीकला
अनुराग साहू
जनपद सदस्य कोड़ापार
जनपद पंचायत कुरूद
शिवराम श्रीहोल
सरपंच
ग्राम पंचायत संकरी
दिलीप चक्रधारी
जनपद सदस्य नारी
जनपद पंचायत कुरूद
हेमलाल यादव
मंत्री
भाजपा सिरीं मंडल
अजय कश्यप
भाजपा जिला
कार्यकारिणी सदस्य धमतरी
पुरणलाल घृतलहरे
मंत्री भाजपा सिरीं मंडल
सरपंच ग्रा.पं.अछोटी
विनीत : भारतीय जनता पार्टी सिरीं मंडल, कुरूद

धमतरी जिला प्रशासन

विकसित धमतरी - समृद्ध धमतरी

सुशासन, सेवा, संस्कृति और समृद्धि की ओर अग्रसर


चित्रोत्पला महानदी आरती


गंगरेल बोटिंग (रविशंकर सागर)


नरहरा जलप्रपात



नरहरा जलप्रपात
धमतरी की प्राकृतिक धरोहर

प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाएं

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी)
- महतारी वंदन योजना
- कृषक उन्नति योजना
- श्रीरामलला दर्शन योजना
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना
- जल जीवन मिशन
- स्वच्छ भारत मिशन
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना
- आयुष्मान भारत योजना
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
- पीएम सुर्य घर योजना
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

इन योजनाओं के माध्यम से हर नागरिक का समग्र विकास हमारा संकल्प है।

धमतरी की संस्कृति, धरोहर और पहचान


धारेश्वर महादेव मंदिर, अछोटा


गंगरेल (रविशंकर सागर) बांध


रूद्री बैराज एवं महानदी


सिहावा पर्वत (महानदी उद्गम)


उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व


आदिवासी लोकनृत्य (राउत नाचा)


गंगा आरती, रुदेहहट घाट


समृद्ध कृषि एवं धान उत्पादन

धमतरी की उपलब्धियां और प्रगति

- बेहतर पेयजल एवं सिंचाई व्यवस्था
- सड़क एवं आधारभूत संरचना का विस्तार
- शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण
- महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार
- डिजिटल एवं पारदर्शी प्रशासन
- पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण


जनसेवा ही हमारा संकल्प



हमर धमतरी हमर पहचान

एक शुभचिंतक धमतरी जिला

विकसित छत्तीसगढ़ विकसित भारत



250 Badded multispecialty hospital with secondary treatment facilities
Providing health care since 1910





धमतरी क्रिश्चयन अस्पताल
की ओर से आप सभी को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

